अभ्यास

अध्याय – 10

1. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

   क. विशेषण किसे कहते हैं?

   ख. विशेषण के भेदों के नाम लिखिए।

2. नीचे बने चित्रों के लिए उचित विशेषण लिखिए।

सुंदर टोपी

अधिक दूध

सुंदर कपड़ा

जहरीला साँप

खतरनाक शेर

ऊँची दीवार

3. नीचे लिखे वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए।

	विशेषण
क. हरी घास पर चलने में बहुत आनंद आता है।	हरी घास
ख. दो लड़के बगीचे में घूम रहे थे।	दो लड़के
ग. बूढ़ा माली पौधों की देखभाल कर रहा है।	बूढ़ा माली
घ. पेड़ पर कच्चे आम दिखाई दे रहे हैं।	कच्चे आम
ङ. मोहित के जन्मदिन पर बहुत बच्चे आए थे।	बहुत बच्चे

4. नीचे दिए गए विशेषण शब्दों के लिए उचित विशेष्य (संज्ञा) लिखिए।

मीठा	आम	कोमल	तितली
सुंदर	फूल	लंबा	आदमी
बड़ा	घर	कठोर	तरबूज
घना	जंगल	नम्र	अतिथि

5. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित विशेषणों के सही भेद पर सही (✓) का चिह्न लगाइए।

	विशेषण भेद			
क.	अंकिता बाज़ार से <u>दो मीटर</u> कपड़ा लाई।	संख्यावाचक	☐	परिमाणवाचक
ख.	<u>इस</u> कमरे की सफाई अभी करनी है।	सार्वनामिक	☑	परिमाणवाचक
ग.	अंगूर <u>खट्टे</u> निकले ।	परिमाणवाचक	☐	गुणवाचक
घ.	जोकर ने <u>रंग-बिरंगे</u> कपड़े पहने हुए हैं।	सार्वनामिक	☐	गुणवाचक
ङ.	बगीचे में <u>अनेक</u> लोग सैर करने आए हैं।	परिमाणवाचक	☐	संख्यावाचक

6. नीचे दिए गए शब्द जाल में से विशेषण शब्द खोजिए।

स	द	र	ए

....

जिन क्रियाओं में कर्म नहीं होता उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं।

आइए, देखें हमने क्या सीखा!

1. काम के होने या करने का बोध कराने वाले शब्द क्रिया कहलाते हैं।
2. क्रिया के मुख्य दो भेद हैं: क. अकर्मक ख. सकर्मक
3. जिन क्रियाओं में कर्म नहीं होता; वे अकर्मक कहलाती हैं।
4. जिन क्रियाओं में कर्म होता है; वे सकर्मक कहलाती हैं।

अभ्यास

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. क्रिया से आप क्या समझते हैं?

ख. सकर्मक क्रिया एवं अकर्मक क्रिया में मुख्य अंतर क्या है?

2. नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।

क. नदी बह रही थी।

ख. जादूगर ने जादू दिखाया।

ग. कनक को इतने बड़े शहर में अकेले डर लग रहा था।

घ. सुधा बारिश में भीग गई।

ङ. मछुआरे मछली पकड़ रहे हैं।

च. बुलबुल हमेशा फुदकती रहती है।

छ. अपनी सहेली की बातों पर वह हँस पड़ी।

3. नीचे दिए चित्रों को देखकर लिखिए कौन क्या कर रहा है?

मोची जूते सिल रहा है

सब्जीवाला सब्जी बेच रहा है।

कुली सामान ढो रहा है।

माली पौधों को पानी दे रहा है।